दैनिक भास्कर
9-01-2026

पारंपरिक कारीगरी को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए बनाई विश्वकर्मा योजना : मीनू

जीएमएन कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

भास्कर न्यूज | अम्बाला

एमएसएमई मंत्रालय के अंतर्गत एमएसएमई विकास कार्यालय जीएमएन कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। समन्वयक सहायक निदेशक मीनू धीमान ने पीएम विश्वकर्मा योजना की मुख्य विशेषताओं, पात्रता मानदंड, प्रशिक्षण, ऋण सुविधा और कारीगरों को उपलब्ध कराई जा रही तकनीकी और मार्केटिंग सहायता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना पारंपरिक कारीगरी को आधुनिक तकनीक और बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से बनाई गई है।

पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा ने कहा कि केंद्र सरकार की यह योजना कारीगरों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है और इससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन रहे हैं। कार्यक्रम में डोमेन विशेषज्ञ राजेश कुमार व राजवीर प्रजापति विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं उप निदेशक, जिला एमएसएमई केंद्र, दीपक नरवाल ने कारीगरों को लघु उद्योग ऋण योजनाओं की आवेदन प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाते हुए उन्हें वित्तीय आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कारीगरों से आह्वान किया कि वे आत्म-विकास, नवाचार और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाएं।